पत्र संख्या–वन भूमि –16/2015 3209 व०प० राँची, दिनांक 28/06/16.

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

प्रेषक,

**सुनील कुमार,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
झारखण्ड, राँची।

विषयः– **पलामू जिला में मेदिनीनगर वन प्रमंडल अंतर्गत ग्राम हिसरा उर्फ पोखराहा में सरकारी पोलटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना हेतु 2.58 हे0 वन भूमि (जंगल–झाड़ी) अपयोजन का प्रस्ताव ।**

प्रसंगः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–593 दि0–01.06.2016

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में निम्नांकित त्रुटियाँ/कमियाँ परिलक्षित हो रही है :–

(1) प्रस्ताव के पार्ट–II की कंडिका–4 (i) में प्रस्तावित वन भूमि का वनस्पति धनत्व शून्य प्रतिवेदित है, परन्तु पार्टा–II की कंडिका–4 (i) में ही प्रस्तावित वन भूमि पर 43 वृक्ष अवस्थित होने की सूचना दी गई है। साथ ही प्रस्ताव के साथ संलग्न गणना सूची में कुल 44 वृक्ष प्रस्तावित भूमि पर अवस्थित होने की सूचना दी गई है। तद्नुरूप वनस्पति धनत्व/गणना सूची में सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

(2) प्रस्ताव के पार्ट–II की कंडिका–4 (i) में प्रस्तावित वन भूमि के Eco Class-I में अवस्थित होने की सूचना दी गई है, जबकि यह संभवतः Eco Class-III में होगा। तद्नुरूप पार्ट–II की कंडिका–4 (i) में सुधार आवश्यकता प्रतीत होती है।

(3) पार्ट–II की कंडिका–8 (iii) में प्रतिवेदित है कि प्रस्तावित वन भूमि इको सेंसिटिव जोन में अवस्थित नहीं है, परन्तु स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रस्तावित वन भूमि की पलामू वन्यप्राणी आश्रयणी/बेतला राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 7 कि0मी0 की दूरी पर अवस्थित होने की सूचना दी गई है। यद्यपि नोडल पदाधिकारी के पत्रांक–593 दि0–01.06.16 में उल्लेखित है कि प्रस्ताव वन भूमि Eco Sensitive Zone में अवस्थित है, परन्तु पार्ट–II में भी तद्नुरूप सुधार आवश्यक है।

(4) प्रस्ताव के साथ मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक का मंतव्य संलग्न नहीं है।

(5) प्रस्ताव के साथ 1:50,000 के स्केल के टोपोशीट पर प्रस्तावित वन भूमि को चिन्हित करते हुए नक्शा संलग्न नहीं है, इसके स्थान पर 1:12,500 के स्केल पर DGPS दिखाते हुए नक्शा संलग्न है। प्रस्तावित वन भूमि को 1:50,000 के स्केल पर चिन्हित करते हुए नक्शा आवश्यक है।

O/C

@n@

कृ०पृ०उ०

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं पर निराकरण करते हुए निराकरण प्रतिवेदन विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

( सुनील कुमार )
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– वन भूमि –16 / 2015 3209 व0प0 राँची, दिनांक– 28/06/16

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची / श्री जीतेन्द्र नारायण, प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार–829206 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

@n@